हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

13 विद्यार्थियों का 30 दिन बाद विद्यालय लौटने पर...



14 हिट एंड रन कानून के खिलाफ बस स्टैंड पर ...



## खबर संक्षेप

### पिता की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई

**लोहारू।** शहर के वार्ड न. 3 निवासी करीक 73 वर्षीय टेकचंद पिछले कई दिनों से लापता है। जिसकी शिकायत उनके पुत्र सुरेंद्र ने लोहारू पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### श्रीजगन्नाथ रथयात्रा 11 जुलाई को होगी संपन्न

**भिवानी।** 7 जुलाई को भिवानी में होने वाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा समारोह के लिए कल रविवार को बैठक का आयोजन किया। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा समिति के संयोजक राजेष अत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

### राव दानसिंह आज लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**भिवानी।** विश्राम गृह में 2 जुलाई को दोपहर एक बजे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे एवं भिवानी प्रभारी महेन्द्रगढ़ से विधायक राव दानसिंह जिला कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। बैठक का आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिहं हुड्डा की 8 जुलाई को रोहतक रोड स्थित ओम रिजॉर्ट में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर है।

### खाते से ऑनलाइन फ्रॉड कर 95000 रुपये ठगे

**तोशाम।** खरकड़ी माखवान निवासी व्यक्ति के खाते से अज्ञात लोगों ने ऑनलाइन फ्रॉड करके लगभग 95000 रुपये निकाल लिए। पुलिस को दी शिकायत में खरकड़ी माखवान निवासी पवन ने बताया कि उसके पास किसी अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे का क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए कहा, उसने हां कर दी। अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड के अंतिम चार डिजिट बता दीजिए। जब उसने क्रेडिट कार्ड के चार डिजिट बताएं तो 30 सेकंड के लिए उसका फोन हैंग हो गया इसके बाद उसके खाते से 49614 और 45000 के दो ट्रांजेक्शन उसके खाते से डेबिट हो गए।

### पार्षद पुत्र की बाइक चोरी सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में वार्ड नं. 3 पार्षद बलवंत के पुत्र मुकेश की बाइक चोरी हो गया। चोर मोबाइल की लाइट जलाते हुए सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए। मुकेश ने इसकी शिकायत पुलिस में दी। बीते माह भी किराने की दुकान से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला आया था। पार्षद पुत्र में पुलिस से बाइक बरामदी की गुहार लगाते हुए आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### रक्तदाताओं ने रेयर ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव दान किया

**भिवानी।** इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है कि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता। तोशाम के मलिक अस्पताल में दाखिल रतेरा गांव निवासी मरीज के लिए रेयर ब्लड ग्रुप ऐ नेगेटिव की जरूरत हुई तो परिजनों ने काफी तलाश के बाद उन्हें ब्लड नहीं मिला। उन्होंने रक्तवीर राजेश डुडेजा से सम्पर्क साधा और उन्होंने कुंगड़ निवासी नरेंद्र से बात की। नरेंद्र ने रात्रि 9 बजे गांव से आकर ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट किया। दूसरे रक्तदाता प्रवीण पराशर ने भिवानी से आकर रक्तदान किया।

### सहायक कोषाधिकारी संतोष देवी सेवानिवृत्ति

**बवानीखेड़ा।** सहायक कोषाधिकारी बवानीखेड़ा संतोष देवी की सेवानिवृत्ति पर लघु सचिवालय स्थित ट्रेजरी में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में जिला खजांची जगवंत सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों ने सम्मान स्वरूप शॉलए फुल.माला व पुष्प गुच्छ भेंट कर भविष्य की शुभकामनाएं दी और उनके काम की प्रशंसा की।







**भिवानी।** शहर के बाजारों में जमा बारिश का पानी, बरसात के जमा पानी से गुजरता वाहन चालक और शहर का निरीक्षण करते नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह। फोटो : हरिभूमि

# झमाझम बरसे बदरा, गर्मी हुई छू मंतर

## शहर में कई जगह जलभराव, दो दर्जन जगहों पर बिजली में हुए फाल्ट, फसलों को होगा फायदा

सामान्य अस्पताल, गणपतराय अस्पताल, विकास नगर इलाके में जलभराव के चलते लोगों को बारिश के पानी से ही होकर गंत्वय तक पहुंचना पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/बवानीखेड़ा



सोमवार अल सुबह लोगों के लिए राहत लेकर आई। कुछ लोग सो रहे थे और कुछ नींद पूरी करके जागने वाले थे कि आसमान में काली घटाए छाई और तेज हवा के साथ झमाझम आसमान से पानी बरसा। बारिश से लोगों को राहत मिली,लेकिन जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। तेज बारिश के चलते शहर व ग्रामीण इलाकों में बिजली की सप्लाई ठप्प हो गई। कई इलाकों में बिजली की सप्लाई चालू कर दी,लेकिन कई इलाकों में जलभराव की वजह से बिजली की सप्लाई को चालू करने में अनेक परेशानी उठानी पड़ी। शाम तक कई इलाकों में बिजली की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई थी।

करीब सुबह तीन चार बजे अचानक आसमान में काले बादल उमड़ कर एकत्रित हो गए। पहले धीमी गति से बारिश शुरू हुई, लेकिन उसके बाद हवा ने गति पकड़ी तो बारिश ने भी गति पकड़ ली। करीब एक घंटे तक आसमान से रुक रुककर जमकर पानी बरसा। उसके बाद भी दस बजे तक कभी हलकी तो कभी तेज बारिश हुई। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई,लेकिन हवा बंद होने की वजह से उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। शाम के वक्त हवा चली तो लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिल पाई।

बारिश से लोगों को राहत मिली तो वहीं अनेक जगहों पर शहर व कस्बों मे जलभराव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति पतराम गेट इलाके में रही। वहां पर नालों की सफाई न होने के चलते करीब एक से डेढ फुट तक बारिश का पानी जमा हो गया। घरों से निकलने वाला पानी आगे बहने की बजाए गली व सड़कों पर ही फैलने लगा। इसी तरह पुराना बस स्टैंड इलाके में भी यही स्थिति रही। यहां पर एक फुट तक पानी जमा हो गया। सामान्य अस्पताल, गणपतराय अस्पताल, विकास नगर इलाके में जलभराव के चलते लोगों को बारिश के पानी से ही होकर गंत्वय तक पहुंचना पड़ा। पुलिस अधीक्षक के आवास के पास पानी की निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से वहां पर करीब एक फुट तक सड़क पानी जमा रहा। वाहन चालकों को उस पानी से होकर गुजरना पड़ा।

**नालों की सफाई न होने से बढ़ी समस्या**

शहर के अधिकांश नालों की सफाई नहीं हो पाई। उनमें आधे से एक फुट तक गाद जमा है। गाद के चलते नाले बारिश के पानी से ओवरफलो हो गए और पानी आगे बहने की बजाए सड़कों पर फैल गया। तेज बारिश होने के चलते सड़कों पर कहीं पर एक तो कहीं पर डेढ फुट तक पानी जमा हो गया। यही स्थिति कस्बों व ग्रामीण इलाकों की रही। वहां पर भी नालों व नालियों की सफाई न होने से लोगों को बारिश के पानी से परेशानी झेलनी पड़ी।

**बवानीखेड़ा बारिश से सामान्य बस स्टैंड के सामने स्थित मैदान हुआ लबालब**

बवानी खेड़ा कस्बा में रविवार रात को हुई मुसलाधार बारिश ने जहां सफाई व्यवस्था की पोल खोली और सामान्य बस स्टैंड के सामने व नपा कार्यालय के पीछे ग्रांउड पानी से लबालब हो गया। वहीं नगर पालिका कर्मचारी प्रातःकालीन से ही बारिश में नालों में घुसकर इसमें फसी गंदगी को निकालकर इसकी सफाई में जुटे दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से गर्मी व बारिश न आने के चलते जीवन अस्त.व्यस्त हो गया। दो दिन पहले भी हलकी फुलकी बारिश आई। रविवार रात को मूसलाधार बारिश से जहां नाले.नालियांए सड़के पानी से लबालब हो गई और मार्किट में कई दुकानों को बारिश के पानी ने अपनी चपेट में ले लिया और दुकानदारों का सामान भी नष्ट हो गया।

### सिवरेज व्यवस्था पर फोकस

नगर पालिका सफाई दरोगा प्रदीप कुमार ने बताया कि बंद पुलियों को खुलवाया दिया गया हैए सामान्य बस स्टैंड के सामने जमा पानी के लिए सिवरेज व्यवस्था पर फोकस किया गया और उसे भी दुरूस्त करवाया गया है ताकि कस्बावासियों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

### चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने किया शहर का निरीक्षण

नगर परिषद चेयरमेन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने उन क्षेत्रों का दौरा किया और समस्या नालों के सफाई व्यवस्था की थी वहां मोके पर टीम बुलाई गई और रुके हुए नालों और सिवरेज की सफाई करवाई। भवानी प्रताप ने कहा कि शहर में जल भराव वाले स्थानों का अवलोकन किया जा रहा है। जहाँ समस्या है उसे मौके पर पहुंच कर हल किया जा रहा है। बारीश को देखते हुए शहर में चारों ओर पानी ही पानी हो गया। मगर बारिश के आने के साथ ही डीएसीण नरवाल व जिला अतिरिक्त उपायुक्त हर्षित कुमार ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में पानी निकासी के लिए बनाए गए सभी डिस्पोजल को मौके पर जाकर चैक करें और पानी की निकासी निर्बाध रूप से हो ताकि शहर में जलभराव की समस्या न बने।



### तोशाम में एसडीएम ने निकासी का लिया जायजा



**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने तोशाम में बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ने अधिकारियों को कस्बे की पानी निकासी के लिए हर संभव कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि आमजन को बरसात के परेशानी न आए। रविवार रात व सोमवार सुबह कस्बे में तेज बरसात के बाद सोमवार सुबह एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कस्बे के निरीक्षण किया। एसडीएम ने सर्वप्रथम जलघर में स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने पानी निकासी के लिए लगी मोटरों का निरीक्षण किया और स्थिति को जाना। एसडीएम ने पानी निकासी को आपात स्थिति के लिए रखे गए पंपों जनरेटर सेटों व पानी निकासी में काम आने वाली बिजली की मोटरों को जायजा लिया। इसके बाद एसडीएम ने भिवानी मार्ग पर स्थित जोहड़ व हीरानन्द ट्रस्ट के अंतर्गत बने जोहड़ व नालों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने झील का भी निरीक्षण करते हुए मुख्य मार्ग के रास्ते के पानी की जल्दी निकासी के लिए पाइप लगाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़, विभाग के एसडीओ विक्त्रम पूनियां व कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार, पंचायती राज के एसडीओ देवेंद्र सिंह,तोशाम के सरपंच राजेश तंवर,पंचायत समिति चैयरपर्सन प्रतिनिधि सोनू पंघाल के अलावा विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।



### बाढ़ड़ा क्षेत्र में इस मानसून सीजन की पहली तेज बारिश, किसानों के चेहरे खिले

- कपास,ज्वार, सब्जी आदि फसलों में काफी लाभ होगा

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा क्षेत्र में सोमवार को इस मानसून सीजन की पहली तेज बारिश हुई है। बारिश के कारण फसलों में पानी भरने से किसान बेहद खुश है वहीं कस्बे के मुख्य सड़क मार्गों पर पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बता दे कि इस मानसून सीजन चरखी दादरी जिले में तेज बारिश नहीं हुई थी। किसान बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे थे। क्षेत्र में रविवार से ही मौसम परिवर्तनशील बना हुआ था और बादल छाए हुए थे। बाढ़ड़ा क्षेत्र में सोमवार अल सुबह करीब तीन बजे तेज बारिश शुरू हुई जो रुककर सुबह करीब 9 बजे तक इस सीजन की पहली तेज बारिश हुई है। बारिश के कारण जहां खेतों में पानी भर गया जिससे किसान बेहद खुश है। किसान महताब सिंह, सतीश कुमार, ओमबीर, राजपाल, राजबीर आदि ने कहा कि तेज गर्मी के कारण फसलें मुरझा रही थी। तेज बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है और कपास,ज्वार, सब्जी आदि फसलों में काफी लाभ होगा। किसानों ने कहा कि खरीफ सीजन की बाजरा,ग्वार आदि फसलों की बुवाई के लिए वे बारिश का इंतजार कर रहे थे और अब बारिश होने से वे बाजरा, ग्वार, मूंग आदि फसलों की बुवाई कर सकेंगे। बारिश के बाद किसान बेहद खुश नजर आए हैं। वहीं तेज बारिश से बाढ़ड़ा कस्बे के जुई रोड, सतनाली रोड, जेवली रोड आदि मुख्य सड़कमागोंर् पर जलभराव हो गया है। जिसके कारण वाहन चालकों, दुकानदारों व राहगिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

### एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं 50 लोगों की समस्याएं

**भिवानी।** एडीसी हर्षित कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस को जिला स्तर पर स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में व उपमंडल में मंडलाधीश कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एडीसी हर्षित कुमार सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान एसडीएम हरबीर सिंह व डीएसपी हेडक्वार्टर रमेश चंद्र भी मौजूद रहें। इस दौरान एडीसी ने लोगों की प्रॉपर्टी आईडी पीपीपी पुलिस विभाग से संबंधितए राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की 50 समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को इन मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाने बारे जरूरी निर्देश दिए। एडीसी हर्षित कुमार ने समाधान शिविर में कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने व आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है। सरकार ने प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविर का आयोजन करके लोगों की समस्याओं को दूर करने का उद्देश्य रखा है।

### बिना नक्शा पास निर्माणाधीन भवन को नपा ने किया सील



**लोहारू।** पोस्ट आफिस गली में निर्माणाधीन भवन को सील करते नपा कर्मचारी।

**लोहारू।** नगर पालिका बिल्डिंग इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने कहा कि नक्शा पास करवाए बिना नगरपालिका क्षेत्र में निर्माण करना गैर कानूनी है तथा ऐसा निर्माण करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उसी कड़ी में शहर के पोस्ट आफिस रोड पर निर्माणाधीन एक दुकान को सील किया। जिसका निर्माण बिना कोई नक्शा पास करवाए किया जा रहा था। बता दें कि पोस्ट आफिस रोड पर निर्माणाधीन एक भवन को लेकर करीब एक पखवाड़ा पहले कुछ लोगों ने नगरपालिका प्रशासन को लिखित शिकायत भी दी थी लेकिन कथित मिलीभगत के कारण इतने दिनों से मामला ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। इस बारे में बीआई राकेश कुमार ने बताया कि यह जमीन कस्टोडियन की बताई जाती है तथा इसके लिए संबंधित विभाग कार्रवाई के लिए लिखा गया था। लेकिन सोमवार उक्त निर्माणाधीन भवन को सील कर नोटिस चिपकाया गया है। राकेश कुमार ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में भवन निर्माण के लिए नक्शा पास करवाना जरूरी है।

## कार्यकारी अभियंता के दफ्तर पर धरना जारी

- मांगे नहीं माने तो घेराव करने का होगें मजबूर कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा गवर्नमैंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि नं 41 मुख्यालय चरखी दादरी सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत डिवीजन नंबर दो के प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरने के छठे दिन की अध्यक्षता शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा ने की। आज के धरने का संचालन शहरी ब्रांच के सचिव बिजेंद्र परमार ने किया। आज के धरने में विशेष रूप से प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीगवान अहलावत, प्रांतीय मुख्य सलाहकार सज्जन भारद्वाज, प्रांतीय उप महासचिव दलवीर श्योराण, राज्य प्रेस सचिव कर्ण सिंह लांबा, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सैन, पूर्व राज्य मुख्य सलाहाकार लीलाराम कौशिक ने शिरकत की।

सोमवार को धरने का संचालन शहरी ब्रांच के सचिव विजेंद्र परमार ने किया। श्रीभगवान अहलावत प्रांतीय कोषाध्यक्ष व सज्जन भारद्वाज प्रांतीय मुख्य सलाहाकार ने धरने में उपस्थित कर्मचारियों को अवगत करवाया कि कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की मांगों के प्रति गंभीर नहीं है तथा कार्यकारी अभियंता अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहता है जिससे कर्मचारी वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। प्रांतीय उप महासचिव दलबीर श्योराण व प्रांतीय प्रेस सचिव कर्ण सिंह लांबा ने अपने संबोधन में कर्मचारियों को बताया कि कार्यकारी अभियंता तानाशाही परवर्ती अपनाऐ हुए हैं। धरने में छठे दिन के उपरांत भी कर्मचारियों की मांगों का कोई समाधान नहीं किया गया और ना ही संगठन को बातचीत के लिए बुलाया गया इससे पता चलता है कि कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की मांगों के प्रति मुस्तैद नहीं है। पूर्व प्रांतीय मुख्य सलाहकार लीलाराम कौशिक, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सेन ने धरने में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारी के अडियल रवैये की जोरदार शब्दों में निंदा करते हुए कर्मचारियों की जायज मांगों का हल करने की अपील की और चेतावनी दी जब तक मांगों का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

### न्यूनतम वेतन 26000 रुपये मासिक लागू करने की मांग

## मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन ने सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** एसडीएम को मांगपत्र सौंपती मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की सदस्य।

मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को एसडीएम की मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन की जिला सचिव राजबाला ने कहा कि मिड-डे मील कार्यकर्ता निहायती गरीब, बेसहारा एवं विधवा महिलाएं हैं। यूनियन ने मिड-डे मील कुक-कम-हेल्परों को नियमित सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन 26000 रुपये मासिक लागू करने, सर्दी गर्मी की छुट्टियों के पैसे न काटकर 12 माह का मानदेय देने तथा 20 दिन का अवकाश लागू करने की मांग उठाई। राजबाला ने कहा कि सरकारी स्कीम के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए खाना बनाने-खिलाने की सेवाएं प्रदान करने वाली रसोइया-सह-सहायकों को सरकार अपना कर्मचारी ही नहीं मानती है और घोषित न्यूनतम वेतन भी नहीं देती है। एआईयूटीयूसी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने कहा कि मिड-डे मील कर्मियों के प्रति सरकार घोर संवेदनहीन और उदासीन रवैया अपनाये हुए है। तीन महीने तक वेतन न देना मिड-डे मील बहनों के साथ घोर अन्याय है।

### 15 बच्चों पर एक हेल्पर नियुक्त करने की मांग

उन्होंने मिड डे मील कार्यकर्ताओं को स्कूल समायोजन पर कुक-कम-हेल्परों का भी समायोजन करने, दो वर्ष की ड्रेस की राशि कर्मियों के खाते में डालने, कुक-कम-हैल्परों की रिटायरमेंट की उम्र आशाओं, आंगनवाड़ी कर्मियों, जलकर्मियों व ग्रामीण चौकीदारों के समान 65 वर्ष करने, रिटायरमेट पर पांच लाख रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देने, तीन माह का बकाया वेतन शीघ्र देने व 15 बच्चों पर कुक-कम-हेल्पर नियुक्त करने की मांग की।



हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
2 जुलाई 2024

कवर स्टोरी / रेखा शाह आरबी

हंसते-बोलते प्यारे रिश्तों के बीच किसी गलतफहमी की वजह से खामोशी आ जाए, यह सही नहीं है। ईगो, जिद या फिर संकोच में भी हम आपस में बातचीत ना करके मन में खटास बैठाए रहें और रिश्तों में दूरी बना लें, यह भी उचित नहीं। हमें अपने रिश्ते ऐसे नहीं बिखरने देने चाहिए, बातचीत करके दूरियां खत्म कर रिश्तों को सहेजना चाहिए, इसी में सबकी खुशियां हैं।

## रिलेशनशिप में कभी ना आने दें खामोशी

पति-पत्नी के बीच का रिश्ता हो, दोस्ती का या फिर प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता, हर रिश्ता भरोसे और समझदारी पर टिका होता है। अगर किसी रिश्ते में गलतफहमी आ भी जाए तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोग बातचीत करने के बजाय खामोश रहना पसंद करते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म हो जाता है। चाहे कितना भी करीबी रिश्ता हो, अगर एक बार रिश्ते में गांठ पड़ जाती है तो रिश्ते को बिखरने में देर नहीं लगती। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। नीता और सुनीता वर्षों से एक-दूसरे की अभिन्न सहेली थीं। एक-दूसरे के साथ हर दुख-सुख, हंसी-खुशी को साझा करती थीं। एक बार नीता ने सुनीता से कुछ आर्थिक मदद मांगी। सुनीता किसी कारण नीता की मदद नहीं कर पाई। नीता को लगा कि उसकी सहेली उसकी मदद कर सकती थी, लेकिन उसने जान-बूझकर ऐसा नहीं किया। यह बात नीता के मन में घर कर गई। हालांकि उसे इस संबंध में खुलकर सुनीता से कम से कम एक बार बात जरूर करनी चाहिए थी, लेकिन बात ना करने के कारण आखिरकार दोनों के रिश्तो के बीच खटास पड़ गई। दोनों ने आपस में बातचीत करना बंद कर दिया। निरंतर खामोश रहने से एक अच्छा-भला रिश्ता खत्म हो गया। इसीलिए जब बात अपनों की हो तो खुलकर बात कर लेनी चाहिए। किसी अपने को खोने से बेहतर है, बगैर किसी पूर्वाग्रह के उसके सामने अपना प्वांइट ऑफ व्यू जरूर रख दें। रिश्तों में गलतफहमियां ना बढ़ें, इसके लिए यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखकर अपने रिश्ते सहेजे जा सकते हैं।





### ना खींचें लंबी खामोशी

कई बार हम झगड़ों और बहस से बचने के लिए रिश्तों में खामोशी धारण कर लेते हैं। इस तरह का व्यवहार रिश्तों को कमजोर करके उसे खत्म कर देता है, जबकि हमें करना यह चाहिए कि जिस किसी से गलतफहमी की वजह से खामोशी है, उससे सीधी, सरल भाषा में खुलकर बात करें। सामने वाले की शंकाओं को दूर करें और रिश्ते को खत्म होने से बचा लें।

### दूर करें संशय

यदि आपको अपना रिश्ता प्रिय है तो एक बार अपने संशय दूर करने का प्रयास जरूर करें। हो सकता है, अगला आपके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहा हो या आप भी मन ही मन उसके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहे हों। यह भी हो सकता है कि बात करने से आप उसकी बातों से पूर्ण रूप से सहमत ना हों और रिश्ता पहले जैसा नॉर्मल ना हो। लेकिन कम से कम एक-दूसरे के प्रति संशय तो नहीं रहेगा, असली वस्तुस्थिति से आप दोनों अवगत हो जाएंगे। क्या पता, बाद में रिश्ते फिर से बन जाएं।

### कभी तीसरे व्यक्ति को माध्यम ना बनाएं

कई बार हम जिससे नाराज होते हैं, उससे अपनी बातें स्वयं ना कहकर अपने दोस्तों से कहलवाते हैं। ऐसे में अकसर ऐसा होता है कि बात बनने के बजाय और बिगड़ जाती है। इसीलिए अपनी बात अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के माध्यम से कहने के बजाय स्वयं उस व्यक्ति के सामने रखें, जिससे आपकी नाराजगी है। किसी दूसरे के माध्यम से बात कहने में और भी गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। हम स्वयं अपनी बात जितने सीधे, सरल और प्रभावी तरीके से रख सकते हैं, दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रख सकता है।

### सरल तरीके से कहें अपनी बातें

रिश्ता कोई भी हो, उसमें मौजूद गलतफहमी को दूर करने के लिए जब भी अपनी बातें कहें तो सीधे, सरल और सौम्य तरीके से कहें। ना कि बहुत ज्यादा घुमा-फिरा कर कहें। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिससे हम मन में नाराज होते हैं, उसका थोड़ा-सा भी मजाक या उसकी घुमावदार बातें, ताने सी लगती हैं या हम गलत मतलब निकाल लेते हैं। इसीलिए जब तक रिश्ता नॉर्मल नहीं हो, तब तक ऐसे टोन और लहजे से बचें। कहने का मतलब है कि अपने रिश्तों को आसानी से खोने ना दें, इन्हें सहेज कर रखें।

डाइट सजेशन / रिया शर्मा
सीनियर डाइटिशियन, कैलाश हॉस्पिटल, एनसीआर

## बारिश के मौसम में डाइट का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका सबसे ज्यादा संक्रमित भोजन करने से होती है। ऐसे में बचाव के लिए जरूरी है कि इस दौरान अपनी डाइट को लेकर आप पूरी सावधानी बरतें।



बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इस मौसम में कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। वजह, इस मौसम में हवा में नमी अधिक होती है, जो बैक्टीरिया के ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है। इसके अलावा बारिश में जल-जनित बीमारियां होने की भी आशंका अधिक रहती है। इनसे बचाव के लिए खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आप बीमारियों से बच कर स्वस्थ रह सकती हैं। इस मौसम में क्या खाएं और किनसे परहेज करें, जानिए।

### क्या खाएं

- बारिश में जल-जनित बीमारियां, जैसे- कॉलरा, टाइफाइड, पीलिया होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए काफी देर से खुला रखा या बाजार में खुले में बिकने वाला पानी ना पिएं, कोशिश करें उबला पानी ही पिएं, गंदे स्थान पर लगे नल का पानी पीने से बचें।
- बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेड, बिस्कुट और केक आदि को खरीदने से पहले जांच लें, क्योंकि इस मौसम में फंगस भी बहुत तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए एक्सपायरी डेट देखकर ही कोई फूड आइटम खरीदें।
- यह मौसम फूड आइटम्स में बैक्टीरिया के पनपने के लिए अनुकूल होता है। इससे बचाव के लिए खाने को उचित तापमान पर पकाएं। ऐसा खाना जल्दी संक्रमित नहीं होता है और इसे कुछ समय तक खराब होने से बचाया जा सकता है।
- फलों और सलाद के लिए सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह पानी से कई बार धो लें।
- सब्जी को काटने से पहले दो-तीन बार पानी से धोकर ही उसके बाद पकाना चाहिए।



- कोशिश करें कि इस मौसम में ताजा खाना ही खाएं। खाना अगर कुछ देर पहले बना है और ठंडा हो गया है तो इसे दोबारा गरम कर ही खाना चाहिए। इससे बैक्टीरिया की संभावना खत्म हो जाती है। आमतौर पर लोग कुछ देर पहले बने खाने को गर्म नहीं करते हैं और यही संक्रमण का कारण बनता है।
- प्रोटीन रिच फूड, जैसे- मटन, चिकन, फिश, पनीर, चीज आदि के जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। इन्हें पकाने के बाद देर तक ना रखें।
- खाना खाने से पूर्व साबुन से अच्छी तरह हाथ जरूर धोएं।

प्रस्तुतिःरिचा पांडे

### इनसे करें परहेज



- इस मौसम में कटे रखे हुए फल खाना बीमारियों को दावत देना है, इससे बचना चाहिए।
- सड़क किनारे खुले में बिकने वाले फूड्स नहीं खाने चाहिए, इससे संक्रमण फैल सकता है।
- ऐसी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, जो उचित तापमान में ना रखी गई हो। इस तरह की आइसक्रीम से गले में संक्रमण होने की आशंका अधिक रहती है।
- इस मौसम में बाजार में बिकने वाला जूस नहीं पीना चाहिए, भले ही वह ताजा क्यों ना हो, यह बीमार कर सकता है।
- बारिश में हरी सब्जियों को खाने से बचना चाहिए।



ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

एलोवेरा, हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी निखारने में भी हेल्पफुल होता है। खासतौर पर इसका जैल स्किन सेल्स को स्मूद, सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा किस तरह ब्यूटी निखारने में हेल्पफुल है, आप भी जानिए।

## सौंदर्य निखारे एलोवेरा

एलोवेरा, बगीचों में ही नहीं, लोगों के घरों में भी आसनी से देखने को मिल जाता है। यह गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है। एलोवेरा के यूज से त्वचा और बालों की देखभाल काफी लाभदायक मानी जाती है। एलोवेरा के पौधे में नमी रोकने की भरपूर क्षमता होती है। यह पावरफुल नेचुरल मॉयश्चराइजर है। यह स्किन की डेड सेल्स को रिमूव कर स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है।

**एजिंग प्रोसेस को कम करेः** एलोवेरा एस्ट्रिंजेंट की तरह कार्य करता है और स्किन सेल्स को कसकर बांध देता है, जिससे समय से पूर्व झुर्रियां नहीं आतीं हैं और यह बुढ़ापे को रोकने में मददगार साबित होता है। साथ ही इसमें एंटी ऑक्सीडेंटिव गुण विद्यमान होते हैं, जो स्किन सेल्स के रिजुवेनेशन की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। एलोवेरा के उत्पादों के लगातार प्रयोग से स्किन पर एजिंग इफेक्ट को कम करने में मदद मिलती है।



**ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है यूजः** एलोवेरा ना केवल स्किन को हेल्दी बनाता है, इसकी नई कोशिकाओं के बनने में भी सहायक होता है। एलोवेरा को क्लींजर, मॉयश्चराइजर जैसे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**सूजन करे दूरः** एलोवेरा का जूस सूजी हुई नसों के उपचार में भी मददगार साबित होता है। यह त्वचा में घाव, संक्रमण आदि के उपचार में प्रभावी साबित होता है। एलोवेरा में विद्यमान जिंक, एंटी इनफ्लेमेटरी का कार्य करता है, इससे त्वचा की सूजन दूर होती है।



**बहुत यूजफुज है जैलः** एलोवेरा जैल या जूस को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। प्रयोग करने में पहले पत्तियों को अच्छे से धो लेना चाहिए। एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धोना फायदेमंद होता है। यह त्वचा को मुलायम और नम बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह त्वचा को सॉफ्ट और यंग दिखाने में मददगार साबित होता है। यह त्वचा को तैलीय बनाए बगैर उसमें नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**फेस मास्क के रूप मेंः** एलोवेरा को फेस मास्क के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक चम्मच जई या मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे की छाल का पावडर, दही और एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर इस मिश्रण को त्वचा पर 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें। फिर त्वचा को धो डालें। चेहरे पर नया निखार दिखेगा।

**हेयर केयरः** एलोवेरा बालों की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा जैल को बालों पर अच्छी तरह से लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे धो लें। इससे बाल मजबूत, मुलायम और चमकीले बनते हैं।

मेकअप / निधि गोयल

सीजन बदलने के साथ हमारी लाइफस्टाइल में काफी कुछ बदल जाता है। अब जैसे बरसात शुरू हो गई तो अन्य बातों के साथ ही आपको मेकअप स्टाइल में भी चेंज कर लेना चाहिए। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

## रेनी सीजन मेकअप स्टाइल आप दिखेंगी अट्रैक्टिव

बरसात के मौसम में मेकअप करने के बाद सबसे बड़ा टास्क होता है उसको टिकाए रखना। दरअसल, आप मेकअप तो अच्छे से कर लेती हैं लेकिन जैसे ही घर से बाहर निकलती हैं तो वातावरण की नमी के कारण आपको पसीना आने लगता है। पसीने के कारण आपका मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपका मेकअप खराब नहीं हो।

**ऐसे करें बेस तैयारः** लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए आपको चेहरे पर सबसे पहले अच्छा बेस बनाएं। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं तो ध्यान रखें कि ऑयल फ्री फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे आपके चेहरे पर अलग सा चिपचिपापन नजर आएगा। बरसात के मौसम में बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे चेहरे पर एक बेस बन जाता है। यह पसीने के कारण बहती नहीं है।

**कंसीलर का इस्तेमालः** मेकअप के दौरान महिलाएं कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे से दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करती हैं। ध्यान रखें कि इस मौसम में आप क्रेयॉन कंसीलर का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ होता है और पसीना आने पर भी जल्दी हटता नहीं है।





**आंखों को बनाएं अट्रैक्टिवः** चेहरे का पूरा मेकअप, काफी हद तक आंखों पर टिका होता है। इस सीजन में वाटरप्रूफ काजल ही लगाएं। इससे आपका काजल फैलेगा नहीं और आंखें भी बेहद आकर्षक नजर आएंगी।

**आईशैडोः** आंखों का मेकअप आईशैडो के बिना सूना नजर आता है। इस सीजन में आप आंखों पर लाइट कलर के वाटरप्रूफ आईशैडो, जैसे- पिंक, पीच, सी ग्रीन, लाइट ब्ल्यू आदि का इस्तेमाल करें। ग्लिटर आईशैडो से बचें, क्योंकि ये ग्लिटर नमी के कारण बह सकती है, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

**वाटरप्रूफ मस्कराः** आप पलकों पर वाटरप्रूफ मस्कारा ही इस्तेमाल करें। मस्कारा लगाने पर आपकी आंखें बेहद सुंदर नजर आएंगी। मस्कारा में कई कलर्स अवेलेबल हैं।



**ऐसे अप्लाई करें लिपस्टिकः** लिपस्टिक में आप अपनी पसंद का कोई भी कलर लगा सकती हैं। बस ध्यान रखें कि वह आप पर सूट करती हो। आप थोड़े ब्राइट कलर के वाटरप्रूफ लिपस्टिक यूज कर सकती हैं।

(मेकअप आर्टिस्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

ब्यूटी-योगा / हेतल शाह
योग एक्सपर्ट

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए ब्यूटी केयर की जरूरत होती है। इसके साथ अगर आप कुछ योगासन रेग्युलर करेंगी तो भी आपकी खूबसूरती में निखार आएगा।

## चाहिए अगर ग्लोइंग स्किन रेग्युलर करें योगासन

गलत खान-पान और आदतों की वजह से हेल्थ बिगड़ने के साथ-साथ चेहरे की चमक भी कम होती चली जाती है। ऐसे में आप अपनी स्किन को ग्लोइंग, हेल्दी और खूबसूरत बनाने के लिए योग का सहारा ले सकती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि योग न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि योगा से आप स्किन में भी नई चमक ला सकती हैं और अपने चेहरे के फीचर्स को हाईलाइट कर सकती हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही योगासनों के बारे में बता रहे हैं। लेकिन इन सभी का अभ्यास किसी योग प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही करें।



फेस योगा फेशियल स्लैपिंग



मत्स्यासन



भुजंगासान

**फेस योगा फेशियल स्लैपिंग :** फेस योगा आप जब चाहें ऑफिस में बैठकर कलीग से बात करते हुए, घर का काम करते हुए भी कर सकती हैं। इस क्रिया को करने के लिए पीठ को सीधा करके आराम से बैठ जाएं। इसके बाद मुंह में हवा भर लें। अब अपने चेहरे को अंगुलियों की मदद से टैप करते रहें। ध्यान रहे ऐसा करते हुए आपको चेहरे पर प्रेशर नहीं देना है। इस तरह की टैपिंग से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। रोजाना इस योगासन को करने से चेहरे पर कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन ग्लोइंग बनती है। इस योगासन को करने से चेहरे के छोटे रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।

**हलासन :** हलासन में ब्लड सर्कुलेशन चेहरे और सिर की ओर होता है। इससे चेहरे का ग्लो बढ़ता है। इस आसन में शरीर को बिना किसी परेशानी जितनी देर रोक सकती हैं, रोकें।



**मत्स्यासन :** मत्स्यासन में सिर के सहारे कंधे और कमर को ऊपर उठाकर बैलेंस किया जाता है। इससे ब्लड फ्लो सिर की ओर होता है। यह आसान शरीर को रिलैक्स करने के साथ स्किन को ग्लोइंग बनाने में भी मदद करता है।

**भुजंगासान :** भुजंगासान कमर और कंधों के दर्द को ही दूर करने में ही कारगर नहीं बल्कि आपको रिलैक्स करके आपके मूड को भी अच्छा करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इससे स्किन सॉफ्ट होती है और चेहरे पर ग्लो बना रहता है।

**सर्वांगासन :** सर्वांगासन में शरीर को कंधों और सिर पर बैलेंस किया जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सिर और चेहरे की ओर होता है। यह स्किन का ग्लो बढ़ाने का काम तो करता ही है साथ ही इससे कील-मुंहासों की समस्या भी दूर होती है। इस आसन में ब्लड का फ्लो सिर और चेहरे की तरफ होता है।



जिससे स्किन को ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है, जो स्किन से जुड़ी हर तरह की परेशानी को दूर करने के साथ ही चेहरे पर चमक लाने में भी बहुत ही फायदेमंद है।

प्रस्तुतिःललिता गोयल

